


Click Here For Grand Bundle PDF Course Combo (Prelims + Mains) 2021
Click Here to Subscribe Our Yearly Platinum Package

**निर्देश (1-5): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

सात लोग A, B, C, D, E, F, और G सात मंजिला इमारत में रह रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न आईटी कंपनियों जैसे कॉग्निजेंट, हाइपरलिंक, टीसीएस, एचसीएल, विप्रो, इंफोसिस और ज़ोहो में काम करता है लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो। सबसे नीचे वाली मंजिल की संख्या 1 और तत्काल ऊपर वाली मंजिल की संख्या 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल की संख्या 7 है।

A, कॉग्निजेंट में कार्य करने वाले व्यक्ति से दो मंजिल ऊपर रहता है। कॉग्निजेंट और एचसीएल में काम करने वाले व्यक्तियों के बीच केवल एक मंजिल है। जो व्यक्ति ज़ोहो में कार्य करता है वह सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। वह व्यक्ति जो विप्रो में कार्य करता है, C से दो मंजिल ऊपर रहता है, जो एचसीएल में कार्य करने वाले व्यक्ति के तत्काल ऊपर रहता है। D, G के ऊपर रहता है और इंफोसिस में कार्य नहीं करता है। B और हाइपरलिंक में कार्य करने वाले व्यक्ति के मध्य तीन व्यक्ति रहते हैं। E, जो टीसीएस में कार्य करता है, F से तीन मंजिल नीचे रहता है। G न तो इंफोसिस में कार्य करता है और न ही एचसीएल में कार्य करता है।

**1) निम्नलिखित में से कौन कॉग्निजेंट में काम करता है?**

A. व्यक्ति जो G के तत्काल ऊपर रहता है

B. C

C. वह व्यक्ति जो विप्रो में काम करने वाले व्यक्ति से दो मंजिल नीचे रहता है

D. G

E. इनमें से कोई नहीं

**2) निम्नलिखित में से कौन विप्रो में कार्य करने वाले व्यक्ति के तत्काल नीचे रहता है?**

A. वह व्यक्ति जो चौथी मंजिल पर रहता है

B. वह व्यक्ति जो टीसीएस में काम करता है

C. वह व्यक्ति जो F के तत्काल ऊपर रहता है

D. वह व्यक्ति जो छठी मंजिल पर रहता है

E. इनमें से कोई नहीं

**3) G के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?**

A. 2

B. 5

C. 3

D. 4

E. पांच से अधिक

**4) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो समूह से संबंधित नहीं है?**

A. व्यक्ति जो एचसीएल में काम करता है

B. व्यक्ति जो विप्रो में काम करता है

C. व्यक्ति जो इंफोसिस में काम करता है

D. व्यक्ति जो हाइपरलिंक में कार्य करता है

E. व्यक्ति जो टीसीएस में काम करता है

**5) निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सत्य है/हैं?**

A. G-एचसीएल- दूसरी मंजिल

B. F- ज़ोहो- पांचवी मंजिल

C. B-इन्फोसिस- सातवीं मंजिल

D. D-कॉग्निजेंट - पहली मंजिल

E. इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (6-10): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-**

नौ व्यक्ति- L, M, N, O, P, Q, R, S, और T ने अलग-अलग वर्षों- 2004, 2006, 2007, 2009, 2010, 2012, 2014, 2017 और 2019 में स्नातक स्तर की पढ़ाई पूरी की लेकिन इसी क्रम में आवश्यक नहीं है।

Q, T जो एक लीप वर्ष में पूरा करता है, से पांच वर्ष पहले पूरा करता हैं। T और S के बीच केवल एक व्यक्ति स्नातक है। M, R से दस साल पहले पूरा करता हैं। L, P से तत्काल पहले पूरा करने वाले व्यक्ति से तीन व्यक्ति पहले पूरा करता है। O और S के बीच स्नातक करने वाले व्यक्तियों की संख्या, T और

N के बीच स्नातक करने वाले व्यक्तियों की संख्या के समान है।

O, N से पहले पूरा करता हैं।

**6) निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने 2009 में स्नातक किया है?**

A. M

B. वह व्यक्ति जो O से दो साल पहले स्नातक किया है

C. N

D. वह व्यक्ति जो L के तत्काल पहले स्नातक किया है

E. उपरोक्त में से कोई नहीं

**7) निम्नलिखित में से चार एक निश्चित तरीके से एक जैसे हैं। निम्नलिखित में से कौन समूह से संबंधित नहीं है?**

A. MQ

B. ST

C. LP

D. OS

E. RN

**8) M और T के बीच कितने लोगों ने स्नातक किया है?**

A. दो

B. तीन

C. चार

D. पांच

E. इनमें से कोई नहीं

**9) एक निश्चित तरीके से यदि M, 2009 से संबंधित है और O, 2010 से संबंधित है, तो T __ से संबंधित है?**

A. 2014

B. 2019

C. 2007

D. 2004

E. 2012

**10) Q ने निम्नलिखित में से किस वर्ष में पूरा किया है?**

A. 2017

B. 2006

C. 2004

D. 2010

E. 2007

**निर्देश (11-15): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

सोमवार से रविवार तक शुरू होने वाले सप्ताह में सात व्यक्ति अपना जन्मदिन मनाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग आयु होती है, जहां उनमें से छह की आयु 10 से 30 के बीच अभाज्य संख्या होती है।

शुक्रवार को मनाने वाले व्यक्ति की आयु 25 वर्ष है। Q और 25 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के बीच एक से अधिक व्यक्ति मनाते हैं। T और बुधवार को मनाने वाले व्यक्ति की आयु का अंतर 10 है। V और 17 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति मनाते हैं।

Q और S की आयु का योग V की आयु से एक अधिक है जो गुरुवार के बाद मनाता है। U के बाद केवल तीन व्यक्ति मनाते हैं, जो R से 4 साल बड़ा है। P, S से पहले मनाता है। T, Q के तत्काल बाद मनाता है। न तो 11 और न ही 23, Q की उम्र है। P, T से 2 साल बड़ा है।।

**11) T और 29 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के बीच कितने व्यक्ति मनाते हैं?**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. चार

E. इनमें से कोई नहीं

**12) निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति गुरुवार को मनाता है?**

A. व्यक्ति जिसकी उम्र 13 है

B. व्यक्ति जिसकी आयु 29 है

C. व्यक्ति जिसकी उम्र 19 है

D. व्यक्ति जिसकी आयु 17 है

E. दिए गए विकल्प के अलावा

**13) 11 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति से पहले कितने व्यक्ति मनाते हैं**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. चार

E. चार से अधिक

**14) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो समूह से संबंधित नहीं है?**

A. T

B. वह व्यक्ति जिसने शुक्रवार को मनाया

C. V

D. व्यक्ति जिसकी उम्र 11 है

E. Q

**15) R और V की आयु के बीच का अंतर _____ की आयु से एक कम है?**

A. व्यक्ति जो शनिवार को मनाता है

B. वह व्यक्ति जो R के तत्काल पहले मनाता है

C. व्यक्ति जो गुरुवार को मनाता है

D. वह व्यक्ति जो S और Q के ठीक बीच में मनाता है

E. इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (16-20): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

आठ व्यक्ति अर्थात A, B, C, D, E, F, G और H भारतीय सेना में जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल, मेजर, कैप्टन, लेफ्टिनेंट, सूबेदार और हवलदार के क्रम में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। जनरल सबसे वरिष्ठ पद है और हवलदार सबसे कनिष्ठ पद है। A और B के बीच केवल दो व्यक्तियों को पादांकित किया गया है, जिनके पास लेफ्टिनेंट से वरिष्ठ कोई पद नहीं है। G, B से दूसरा वरिष्ठ और H से तीसरा कनिष्ठ है। H से वरिष्ठ व्यक्तियों की संख्या D से कनिष्ठ व्यक्तियों की संख्या से एक अधिक है। केवल एक व्यक्ति E और F के बीच नामित है। C को न तो E से कनिष्ठ पादांकित किया गया है और न ही F से तत्काल आसन्न पदनाम रखता है।

**16) निम्नलिखित में से कौन E से तत्काल वरिष्ठ है?**

A. H

B. C

C. A

D. ऐसा कोई व्यक्ति नहीं

E. इनमें से कोई नहीं

**17) D और A के बीच कितने व्यक्तियों को नामित किया गया है?**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. तीन से अधिक

E. कोई नहीं

**18) उस व्यक्ति का पदनाम क्या है जो D से तत्काल वरिष्ठ है ?**

A. मेजर

B. कैप्टन

C. सूबेदार

D. लेफ्टिनेंट

E. इनमें से कोई नहीं

**19) यदि सभी व्यक्तियों को वर्णानुक्रम में उच्च से निम्न पद तक नामित किया जाता है, तो कितने व्यक्ति अपने पदनाम में अपरिवर्तित रहते हैं?**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. तीन से अधिक

E. कोई नहीं

**20) अंतिम व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

A. कम से कम एक व्यक्ति को B से कनिष्ठ पादांकित किया गया है

B. E और G के बीच उतने ही व्यक्ति पादांकित हैं जितने H और A के बीच हैं

C. दो से अधिक व्यक्तियों को F से वरिष्ठ पादांकित किया गया है

D. C और D के बीच चार व्यक्तियों को नामित किया गया है

E. इनमें से कोई भी सत्य नहीं है

**निर्देश (21-25): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें**

ग्यारह व्यक्ति- L, M, N, O, P, Q, R, S, T, U, और V बैंक परीक्षा में भाग ले रहे हैं। वे एक के बाद एक बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन (verification) के लिए खड़े हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।

U ने M के तत्काल बाद वेरिफिकेशन करवाने वाले व्यक्ति से तीन व्यक्तियों पहले वेरिफिकेशन करवाया है। M और P के बीच केवल तीन व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया गया है। P या तो सबसे पहले या अंतिम में वेरिफिकेशन करवाता है। U और T के बीच केवल दो व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया जाता है। S ने T के दो व्यक्तियों बाद वेरिफिकेशन करवाया है। S से पहले वेरिफिकेशन करवाने बाले व्यक्तियों की संख्या O के बाद के समान है। S और P के बीच वेरिफ़ायड व्यक्तियों की संख्या वही है जो T और V के बीच है। N ने R के चार व्यक्तियों बाद वेरिफिकेशन करवाया है। Q ने L से पहले वेरिफिकेशन करवाया है।

**21) यदि सभी ग्यारहों को पहले से अंतिम तक वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो कितने व्यक्ति अपने स्थान पर अपरिवर्तित रहते हैं?**

A. तीन

B. दो

C. एक

D. तीन से अधिक

E. कोई नहीं

**22) निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने सबसे पहले वेरिफिकेशन करवाया है?**

A. वह व्यक्ति जिसने Q के तत्काल बाद वेरिफिकेशन करवाया है

B. N

C. वह व्यक्ति जिसने S से दो व्यक्तियों पहले वेरिफिकेशन करवाया है

D. जिसने T के तत्काल पहले वेरिफिकेशन करवाया है

E. R

**23) M और T के बीच कितने व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया जाता है?**

A. R और S के बीच जितने व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया हैं

B. जितने व्यक्ति L से पहले वेरिफिकेशन करवाते हैं

C. V और O के बीच जितने व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया हैं

D. M के बाद जितने लोगों का वेरिफिकेशन हुआ

E. इनमें से कोई नहीं

**24) L से पहले जितने व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया जाता है, उतने ही__ के बाद में?**

A. V

B. जिसने M के तत्काल बाद वेरिफिकेशन करवाया है

C. वह व्यक्ति जिसने R से दो व्यक्तियों पहले वेरिफिकेशन करवाया है

D. P

E. जिसने Q के तत्काल पहले वेरिफिकेशन करवाया है

**25) निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

**I. U और O के बीच केवल दो व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया जाता है**

**II. L, U से दो व्यक्तियों पहले वेरिफिकेशन करवाता है**

**III. N के बाद केवल तीन व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया जाता है**

A. केवल I और III

B. केवल III

C. केवल I और II

D. केवल II

E. इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (26-30): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आठ व्यक्ति - S, T, U, V, W, X, Y और Z एक ही वर्ष के फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई के 4 और 13 को सिनेमा टिकट बुक करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो।

S ने 31 दिनों से कम दिन वाले महीने की सम तारीख पर टिकट बुक किया था। S और Y के बीच केवल तीन व्यक्तियों ने टिकट बुक किया था, जिसने T से तत्काल पहले टिकट बुक किया था। T से पहले टिकट बुक करने वाले व्यक्तियों की संख्या, Z के बाद टिकट बुक करने वाले व्यक्तियों की संख्या के समान है, जिसने X के तत्काल बाद टिकट बुक किया था। X और W के बीच केवल एक व्यक्ति ने टिकट बुक किया था। U ने न तो V और न ही Z के समान महीने में टिकट बुक किया था।

**26) निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने 13 मई को टिकट बुक किया था?**

A. V

B. W

C. U

D. Z

E. इनमें से कोई नहीं

**27) T और U के मध्य कितने व्यक्तियों ने टिकट बुक किया?**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. तीन से अधिक

E. कोई नहीं

**28) W के सन्दर्भ में Y की स्थिति क्या है?**

A. तीन व्यक्तियों के बाद

B. दो व्यक्तियों के पहले

C. तीन व्यक्तियों के पहले

D. दो व्यक्तियों के बाद

E. इनमें से कोई नहीं

**29) यदि एक निश्चित तरीके से U, T से संबंधित है और S, W से संबंधित है, तो X निम्नलिखित में से किस व्यक्ति से संबंधित है?**

A. V

B. S

C. Y

D. U

E. इनमें से कोई नहीं

**30) अंतिम व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

A. Y और U के बीच दो से अधिक व्यक्तियों ने टिकट बुक किया

B. V के बाद कम से कम एक व्यक्ति ने टिकट बुक किया

C. S और T दोनों ने एक सम तारीख को टिकट बुक किया

D. न तो U और न ही X ने मई में टिकट बुक किया

E. इनमें से कोई भी सत्य नहीं है

**निर्देश (31-35): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

Click Here For Grand Bundle PDF Course Combo (Prelims + Mains) 2021    Click Here to Subscribe Our Yearly Platinum Package

पांच व्यक्ति अपना जन्मदिन 2021 के विभिन्न महीनों जैसे जनवरी, मार्च, अप्रैल, जून और जुलाई में मनाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति ने अपने जन्मदिन के लिए अलग-अलग ब्रांड के कपड़े खरीदे जैसे मुफ्ती, एलन सोली, पीटर इंग्लैंड, लेविस और लुई फिलिप लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।

A 30 दिनों के महीने में मनाता है। वह व्यक्ति जिसने पीटर इंग्लैंड खरीदा था, A के तत्काल पहले मनाता है। E, C से पहले मनाता है जो 31 दिनों के महीने में मनाता है। C और मुफ्ती ब्रांड खरीदने वाले व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति मनाते हैं। A के आसन्न अपना जन्मदिन मनाने वाले व्यक्ति द्वारा न तो मुफ्ती और न ही लेविस खरीदा जाता है। पीटर इंग्लैंड को खरीदने वाले व्यक्ति और B के बीच मनाने वाले व्यक्तियों की संख्या, A और E के बीच मनाने वाले व्यक्तियों की संख्या से एक अधिक है। लेविस और लुई फिलिप को खरीदने वाले व्यक्तियों के बीच दो व्यक्ति मनाते हैं। B, D के बाद मनाता है लेकिन 30 दिनों वाले महीने में नहीं।

**31) D और एलन सोली को खरीदने वाले व्यक्ति के बीच कितने व्यक्ति मनाते हैं?**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. कोई नहीं

E. इनमें से कोई नहीं

**32) निम्नलिखित में से कौन सा ब्रांड B द्वारा खरीदा जाता है?**

A. एलन सोली

B. लेविस

C. मुफ्ती

D. लुई फिलिप

E. दिए गए विकल्प के अलावा

**33) E और एलन सोली को खरीदने वाले व्यक्ति के बीच कितने व्यक्ति हैं?**

A. जितने व्यक्ति B और C के बीच मनाते हैं

B. जितने व्यक्ति C और E के बीच मनाते हैं

C. जितने व्यक्ति A और D के बीच मनाते हैं

D. जितने व्यक्ति C और D के बीच मनाते हैं

E. इनमें से कोई नहीं

**34) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो समूह से संबंधित नहीं है?**

A. वह व्यक्ति जिसने लेविस ब्रांड खरीदा है

B. C

C. वह व्यक्ति जिसने मुफ्ती ब्रांड खरीदा है

D. B

E. वह व्यक्ति जिसने लुई फिलिप ब्रांड खरीदा है

**35) निम्नलिखित में से कौन अप्रैल मे मनाता है?**

A. एलन सोली खरीदने वाला व्यक्ति

B. पीटर इंग्लैंड को खरीदने वाला व्यक्ति

C. A

D. a और c दोनों

E. b और c दोनों

**निर्देश (36-40): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

दस व्यक्ति अर्थात M, N, O, P, Q, R, S, T, U, और V दो अलग-अलग फ्लैटों में रह रहे हैं अर्थात पांच मंजिला इमारत का फ्लैट 1 और फ्लैट 2, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो। फ्लैट 1 फ्लैट 2 के पश्चिम में है। सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है और तत्काल ऊपर की मंजिल की संख्या 2 है और इसी तरह आगे भी।

U एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है और S के दो मंजिल नीचे समान फ्लैट में रहता है। S और R के मध्य केवल एक मंजिल है, जो समान फ्लैट में T के तत्काल ऊपर रहता है। M और Q दोनों सबसे ऊपरी मंजिल पर रहते हैं जहां Q, M के पूर्व में रहता है। Q और N के बीच एक मंजिल है, जहां

दोनों अलग-अलग फ्लैटों में रहते हैं। N के नीचे मंजिल की संख्या, P के ऊपर मंजिल की संख्या से एक अधिक है। O, V के नीचे रहता है लेकिन एक ही फ्लैट पर नहीं रहता है।

**36) निम्नलिखित में से कौन N के साथ एक ही मंजिल पर रहता है?**

A. P

B. O

C. V

D. Q

E. इनमें से कोई नहीं

**37) निम्नलिखित में से किस मंजिल और फ्लैट में P रहता है?**

A. मंजिल 3, फ्लैट 1

B. मंजिल 2, फ्लैट 2

C. मंजिल 3, फ्लैट 2

D. मंजिल 4, फ्लैट 2

E. इनमें से कोई नहीं

**38) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह खोजें जो उस समूह से संबंधित नहीं है।**

A. S

B. Q

C. U

D. T

E. R

**39) यदि एक निश्चित तरीके से Q, S से संबंधित है और U, T से संबंधित है, तो निम्नलिखित में से कौन O से संबंधित है?**

A. वह व्यक्ति जो U के पूर्व में रहता है

B. M

C. P

D. वह जो V के पश्चिम में रहता है

E. इनमें से कोई नहीं

**40) V के ऊपर कितनी मंजिलें हैं?**

A. R के नीचे जितनी मंजिलें हैं

B. दो

C. Q और T के मध्य जितनी मंजिलें हैं

D. तीन से अधिक

E. कोई नहीं

**निर्देश (41-45): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

छह बक्से अर्थात A, B, C, D, E, और F को छह अलग-अलग शेल्फ में एक के ऊपर एक रखा जाता है, जैसे कि सबसे निचले शेल्फ को 1 के रूप में गिना जाता है और सबसे निचले शेल्फ के तत्काल ऊपर वाले शेल्फ को 2 और इसी तरह सबसे ऊपरी शेल्फ को 6 के रूप में गिना जाता है। प्रत्येक बॉक्स अलग-अलग रंग का है अर्थात काला, नीला, हरा, गुलाबी, लाल और पीला। जरूरी नहीं कि सभी जानकारी इसी क्रम में हों।

एक लाल रंग का बॉक्स विषम संख्या वाली शेल्फ पर रखा गया है और बॉक्स E से दो बॉक्स ऊपर रखा गया हैं। बॉक्स E और F, जो हरे रंग का है, के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। हरे रंग के बॉक्स के नीचे बॉक्स की संख्या, बॉक्स C के ऊपर बॉक्स की संख्या के समान है। काले रंग के बॉक्स को बॉक्स C के आसन्न रखा गया है और बॉक्स D के तीन बॉक्स नीचे रखा गया हैं। नीले रंग के बॉक्स को एक सम-संख्या वाले शेल्फ पर और पीले रंग के बॉक्स के तत्काल ऊपर रखा गया है। बॉक्स B न तो काला है और न ही बॉक्स D के ऊपर रखा गया है।

**41) निम्नलिखित में से कौन सा बॉक्स, शेल्फ 2 पर रखा गया है?**

A. बॉक्स B

B. बॉक्स E

C. बॉक्स A

D. बॉक्स C

E. इनमें से कोई नहीं

**42) बॉक्स B और काले रंग के बॉक्स के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. तीन से अधिक

E. कोई नहीं

**43) बॉक्स C का रंग निम्नलिखित में से कौन सा है?**

A. लाल

B. नीला

C. पीला

D. गुलाबी

E. इनमें से कोई नहीं

**44) यदि सभी बक्सों को नीचे से ऊपर तक वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो कितने बॉक्स अपनी स्थिति में अपरिवर्तित रहते हैं?**

A. एक

B. दो

C. तीन

D. तीन से अधिक

E. कोई नहीं

**45) यदि एक निश्चित तरीके से D, पीले से संबंधित है और E गुलाबी से संबंधित है, तो B निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. हरा

B. काला

C. लाल

D. नीला

E. इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (46-50): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें**

सात व्यक्ति- P, Q, R, S, T, U और V अलग-अलग शहरों - नासिक, आगरा, भोपाल , राजकोट, जयपुर, पुणे और सूरत में पोक मैन, एड एस्ट्रा, टॉय स्टोरी, अलादीन, फ्रोजन 2, वंडर वुमन और रॉकेट मैन अलग-अलग फिल्में देख रहे हैं । जरूरी नहीं कि सभी सूचनाएं इसी क्रम में हों।

T भोपाल में फिल्म देखता है। U टॉय स्टोरी देखता है। T अलादीन देखता है। या तो S या V आगरा में देख रहा है। P और V क्रमशः पोक मैन और एड एस्ट्रा देख रहे हैं। वह व्यक्ति जो फ्रोजेन 2 फिल्म देख रहा है, जयपुर में देख रहा है। न तो Q और न ही S फ्रोजन 2 देख रहा है। Q, रॉकेटमैन नहीं देखता है। वह व्यक्ति जिसने पुणे में फिल्म देखी है, वह न तो पोकेमैन और न ही टॉय स्टोरी देखता है। S और V पुणे में फिल्म नहीं देख रहे हैं। P न तो राजकोट में न ही नासिक में फिल्म देख रहा है। S और U नासिक में मूवी नहीं देखते हैं।

**46) निम्नलिखित पांच में से चार एक समूह बनाने के लिए समान हैं, निम्नलिखित में से कौन समूह से संबंधित नहीं है?**

A. P- सूरत

B. Q- पुणे

C. U- राजकोट

D. S- आगरा

E. V- जयपुर

**47) निम्नलिखित में से कौन सी फिल्म S द्वारा देखी जाती है?**

A. पोक मैन

B. फ्रोजन 2

C. रॉकेट मैन

D. एड एस्ट्रा

E. अलादीन

**48) निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. T अलादीन देखता है

B. Q वंडर वुमन देखता है

C. P सूरत में एक फिल्म देखता है

D. दोनों (a) और (b)

E. सभी (a), (b) और (c)

**49) निम्नलिखित में से कौन पुणे में फिल्म देख रहा है?**

A. U

B. V

C. P

D. Q

E. R

**50) यदि T, U के साथ मूवी देख रहा है, तो निम्नलिखित में से कौन से शहर में दोनों मूवी देख रहे हैं?**

A. राजकोट

B. सूरत

C. जयपुर

D. नासिक

E. पुणे

## Answer With Explanation

**निर्देश (1-5):**

| Floor | Persons | Companies |
|---|---|---|
| 7 | D | Wipro |
| 6 | F | ZOHO |
| 5 | C | Hyperlink |
| 4 | A | HCL |
| 3 | E | TCS |
| 2 | G | Cognizant |
| 1 | B | Infosys |

**1) उत्तर: D**

**2) उत्तर: D**

**3) उत्तर: B**

**4) उत्तर: A**

**5) उत्तर: E**

A, कॉग्निजेंट में कार्य करने वाले व्यक्ति से दो मंजिल ऊपर रहता है। कॉग्निजेंट और एचसीएल में काम करने वाले व्यक्तियों के बीच केवल एक मंजिल है ।

| Case I | | Case II | |
|---|---|---|---|
| Persons | Companies | Persons | Companies |
| A | | A | HCL |
| | | | |
| | Cognizant | | Cognizant |
| | | | |
| | HCL | | |

वह व्यक्ति जो विप्रो में कार्य करता है, C से दो मंजिल ऊपर रहता है, जो एचसीएल में कार्य करने वाले व्यक्ति के तत्काल ऊपर रहता है।

| Case I | | Case II | |
|---|---|---|---|
| Persons | Companies | Persons | Companies |
| A | | | Wipro |
| | Wipro | | |
| | Cognizant | C | |
| C | | A | HCL |
| | HCL | | |
| | | | Cognizant |

B और हाइपरलिंक में कार्य करने वाले व्यक्ति के मध्य तीन व्यक्ति रहते हैं। E, जो टीसीएस में कार्य करता है, F से तीन मंजिल नीचे रहता है। G न तो इंफोसिस में कार्य करता है और न ही एचसीएल में कार्य करता है।
D, G के ऊपर रहता है और इंफोसिस में कार्य नहीं करता है।
जो व्यक्ति ज़ोहो में कार्य करता है वह सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है।

| | ~~Case I~~ | | Case II | | ~~Case Ia~~ | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Floor | Persons | Companies | Persons | Companies | Persons | Companies |
| 7 | A | Hyperlink | D | Wipro | B | Infosys |
| 6 | D | Wipro | F | ZOHO | A | ZOHO |
| 5 | F | Cognizant | C | Hyperlink | D | Wipro |
| 4 | C | ZOHO | A | HCL | F | Cognizant |
| 3 | B | HCL | E | TCS | C | Hyperlink |
| 2 | E | TCS | G | Cognizant | G | HCL |
| 1 | G | Infosys | B | Infosys | E | TCS |

| | Case II | |
|---|---|---|
| Floor | Persons | Companies |
| 7 | D | Wipro |
| 6 | F | ZOHO |
| 5 | C | Hyperlink |
| 4 | A | HCL |
| 3 | E | TCS |
| 2 | G | Cognizant |
| 1 | B | Infosys |

**निर्देश (6-10):**

6) उत्तर: D

7) उत्तर: C

8) उत्तर: C

9) उत्तर: B

10) उत्तर: E

**अंतिम व्यवस्था**

| वर्ष | व्यक्ति |
|---|---|
| 2004 | M |
| 2006 | O |
| 2007 | Q |
| 2009 | S |
| 2010 | L |
| 2012 | T |
| 2014 | R |
| 2017 | N |
| 2019 | P |

हमारे पास है,

- Q, T से पांच वर्ष पहले पूरा करता हैं।
- T एक लीप वर्ष में पूरा करता है|

Click Here For Grand Bundle PDF Course Combo (Prelims + Mains) 2021    Click Here to Subscribe Our Yearly Platinum Package

Follow us: Telegram , Facebook , Twitter , Instagram

- T और S के बीच केवल एक व्यक्ति स्नातक है।

उपरोक्त स्थिति से, दो संभावनाएं हैं।

| वर्ष | केस1 | केस2 |
|---|---|---|
| 2004 | | |
| 2006 | | |
| 2007 | Q | Q |
| 2009 | | S |
| 2010 | | |
| 2012 | T | T |
| 2014 | | |
| 2017 | S | |
| 2019 | | |

फिर हमारे पास है,

- M, R से दस साल पहले पूरा करता हैं।

L, P से तत्काल पहले पूरा करने वाले व्यक्ति से तीन व्यक्ति पहले पूरा करता है।

| वर्ष | केस1 | केस2 | केस1a |
|---|---|---|---|
| 2004 | M | M | L |
| 2006 | | | |
| 2007 | Q | Q | Q |
| 2009 | | S | M |
| 2010 | L | L | P |
| 2012 | T | T | T |
| 2014 | R | R | |
| 2017 | S | | S |
| 2019 | P | P | R |

फिर हमारे पास है,

- O और S के बीच स्नातक करने वाले व्यक्तियों की संख्या, T और N के बीच स्नातक करने वाले व्यक्तियों की संख्या के समान है।
- O, N से पहले पूरा करता हैं।

उपरोक्त स्थिति से, केस 1 और केस 1 a समाप्त हो जाते हैं।

केस 2 अंतिम व्यवस्था को दर्शाता है।

| वर्ष | ~~केस1~~ | केस2 | ~~केस1a~~ |
|---|---|---|---|
| 2004 | M | M | L |
| 2006 | O | O | O |
| 2007 | Q | Q | Q |
| 2009 | N | S | M |
| 2010 | L | L | P |
| 2012 | T | T | T |
| 2014 | R | R | N |
| 2017 | S | N | S |
| 2019 | P | P | R |

**निर्देश (11-15):**

| Day | Persons | Ages |
|---|---|---|
| Monday | Q | 19 |
| Tuesday | T | 23 |
| Wednesday | R | 13 |
| Thursday | U | 17 |
| Friday | P | 25 |
| Saturday | S | 11 |
| Sunday | V | 29 |

11) उत्तर: D

12) उत्तर: D

13) उत्तर: E

14) उत्तर: B

15) उत्तर: C

सोमवार से रविवार तक शुरू होने वाले सप्ताह में सात व्यक्ति अपना जन्मदिन मनाते हैं।

प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग आयु होती है, जहां उनमें से छह की आयु 10 से 30 के बीच अभाज्य संख्या है।

शुक्रवार को मनाने वाले व्यक्ति की आयु 25 वर्ष है। Q और 25 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के बीच एक से अधिक व्यक्ति मनाते हैं।

T और बुधवार को मनाने वाले व्यक्ति की आयु का अंतर 10 है।

उपरोक्त कथन से, दो संभावित स्थितियों 19, 29 और 13, 23 में आयु का अंतर 10 है। P, T से 2 वर्ष बड़ा है। तो इससे हमें 13, 23 ही एकमात्र संभावित स्थिति प्राप्त होती है और यदि T की आयु 23 है तो P की आयु 25 है।

| | Case I | | Case II | |
|---|---|---|---|---|
| Day | Persons | Ages | Persons | Ages |
| Monday | | | Q | |
| Tuesday | Q | | | |
| Wednesday | | 13 | | 13 |
| Thursday | | | | |
| Friday | P | 25 | P | 25 |
| Saturday | | | | |
| Sunday | | | | |

V और 17 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति मनाते हैं।

Q और S की आयु का योग V की आयु से एक अधिक है जो गुरुवार के बाद मनाता है।

उपरोक्त जानकारी से हमें पता चलता है कि V की उम्र 29 है तो संभावित मामले 13, 17 और 11, 19 हैं।

13, 17 संभावित मामले को व्यवस्थाओं के आधार पर समाप्त कर दिया जाता है। न तो 11 और न ही 23, Q की आयु है। तो, Q की आयु 19 है। S की आयु 11 है।

| | Case I | | Case II | |
|---|---|---|---|---|
| Day | Persons | Ages | Persons | Ages |
| Monday | | | Q | 19 |
| Tuesday | Q | 19 | | |
| Wednesday | | 13 | | 13 |
| Thursday | | 17 | | 17 |
| Friday | P | 25 | P | 25 |
| Saturday | | | | |
| Sunday | V | 29 | V | 29 |

U के बाद केवल तीन व्यक्ति मनाते हैं, जो R से 4 वर्ष बड़ा है। केवल U और R की संभावित आयु क्रमशः 17 और 13 है।

| | Case I | | Case II | |
|---|---|---|---|---|
| Day | Persons | Ages | Persons | Ages |
| Monday | | | Q | 19 |
| Tuesday | Q | 19 | | |
| Wednesday | R | 13 | R | 13 |
| Thursday | U | 17 | U | 17 |
| Friday | P | 25 | P | 25 |
| Saturday | | | | |
| Sunday | V | 29 | V | 29 |

P, S से पहले मनाता है। T और S की आयु क्रमशः 23 और 11 है। T, Q के तत्काल बाद मनाता है।

| | ~~Case I~~ | | Case II | |
|---|---|---|---|---|
| Day | Persons | Ages | Persons | Ages |
| Monday | T | 23 | Q | 19 |
| Tuesday | Q | 19 | T | 23 |
| Wednesday | R | 13 | R | 13 |
| Thursday | U | 17 | U | 17 |
| Friday | P | 25 | P | 25 |
| Saturday | S | 11 | S | 11 |
| Sunday | V | 29 | V | 29 |

निर्देश (16-20):

16) उत्तर: B

17) उत्तर: A

18) उत्तर: D

19) उत्तर: E

20) उत्तर: C

| Designation | Person |
|---|---|
| General | C |
| Brigadier | E |
| Colonel | H |
| Major | F |
| Captain | A |
| Lieutinent | G |
| Subedar | D |
| Hawaldar | B |

1. A और B के बीच केवल दो व्यक्तियों को पादांकित किया गया है, जिनके पास लेफ्टिनेंट से वरिष्ठ कोई पद नहीं है। G, B से दूसरा वरिष्ठ और H से तीसरा कनिष्ठ है।

| | Case 1 | Case 2 | Case 3 |
|---|---|---|---|
| Designation | Person | Person | Person |
| General | H | | |
| Brigadier | | H | |
| Colonel | A | | H |
| Major | G | A | |
| Captain | | G | A |
| Lieutinent | B | | G |
| Subedar | | B | |
| Hawaldar | | | B |

2. H से वरिष्ठ व्यक्तियों की संख्या D से कनिष्ठ व्यक्तियों की संख्या से एक अधिक है। E और F के बीच केवल एक व्यक्ति को पादांकित किया गया है। इसलिए, केस 1 समाप्त हो जाता है।

| | ~~Case 1~~ | Case 2 | Case 3 |
|---|---|---|---|
| Designation | Person | Person | Person |
| General | H | E/F | |
| Brigadier | | H | E/F |
| Colonel | A | F/E | H |
| Major | G | A | F/E |
| Captain | | G | A |
| Lieutinent | B | | G |
| Subedar | | B | D |
| Hawaldar | | D | B |

3. C को न तो E से कनिष्ठ पादांकित किया गया है और न ही F से आसन्न पदनाम रखता है। इसलिए, केस 2 समाप्त हो जाता है।

| | ~~Case 2~~ | Case 3 |
|---|---|---|
| **Designation** | **Person** | **Person** |
| General | E/F | C |
| Brigadier | H | E |
| Colonel | F/E | H |
| Major | A | F |
| Captain | G | A |
| Lieutinent | | G |
| Subedar | B | D |
| Hawaldar | D | B |

निर्देश (21-25):

21) उत्तर: E

22) उत्तर: D

23) उत्तर: D

24) उत्तर: A

25) उत्तर: C

| | |
|---|---|
| **1** | Q |
| **2** | T |
| **3** | L |
| **4** | S |
| **5** | U |
| **6** | R |
| **7** | M |
| **8** | O |
| **9** | V |
| **10** | N |
| **11** | P |

हमारे पास है,

- U ने M के तत्काल बाद वेरिफिकेशन करवाने वाले व्यक्ति से तीन व्यक्तियों पहले वेरिफिकेशन करवाया है।
- M और P के बीच केवल तीन व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया गया है।

उपरोक्त स्थिति से, दो संभावनाएं हैं।

| **केस 1** | **केस 2** |
|---|---|
| | U |
| P | |
| | M |
| U | |
| | |
| M | |
| | P |

हमारे पास फिर से है,

- P या तो सबसे पहले या अंतिम में वेरिफिकेशन करवाता है।
- U और T के बीच केवल दो व्यक्तियों का वेरिफिकेशन किया जाता है।

उपरोक्त स्थिति से, तीन संभावनाएं हैं।

| | केस 1 | केस 2 | केस 2a |
|---|---|---|---|
| 1 | P | | |
| 2 | | T | |
| 3 | U | | |
| 4 | | | |
| 5 | M | U | U |
| 6 | T | | |
| 7 | | M | M |
| 8 | | | T |
| 9 | | | |
| 10 | | | |
| 11 | | P | P |

हमारे पास फिर से है,

- S ने T के दो व्यक्तियों बाद वेरिफिकेशन करवाया है।
- S से पहले वेरिफिकेशन करवाने बाले व्यक्तियों की संख्या O के बाद के समान है।
- S और P के बीच वेरिफ़ायड व्यक्तियों की संख्या वही है जो T और V के बीच है।

उपरोक्त स्थिति से, केस 1 समाप्त हो जाता है। केस 2 और केस 2a व्यवस्था को दर्शाता है।

| | केस 1 | केस 2 | केस2a |
|---|---|---|---|
| 1 | P | | |
| 2 | | T | O |
| 3 | U | | |
| 4 | O | S | |
| 5 | M | U | U |
| 6 | T | | |
| 7 | | M | M |
| 8 | S | O | T |
| 9 | | V | V |
| 10 | | | S |
| 11 | | P | P |

हमारे पास फिर से है,

- N ने R के चार व्यक्तियों बाद वेरिफिकेशन करवाया है।
- Q ने L से पहले वेरिफिकेशन करवाया है ।

उपरोक्त स्थिति से, केस 2a समाप्त हो जाता है। केस 2 अंतिम व्यवस्था को दर्शाता है।

| | केस 2 | केस2a |
|---|---|---|
| 1 | Q | |
| 2 | T | O |
| 3 | L | |
| 4 | S | |
| 5 | U | U |
| 6 | R | |
| 7 | M | M |
| 8 | O | T |
| 9 | V | V |
| 10 | N | S |
| 11 | P | P |

निर्देश (26-30):

26) उत्तर: A

27) उत्तर: E

28) उत्तर: C

29) उत्तर: B

30) उत्तर: D

| | February | March | April | May |
|---|---|---|---|---|
| 4th | Y | U | S | Z |
| 13th | T | W | X | V |

1. S ने 31 दिनों से कम दिन वाले महीने की सम तारीख पर टिकट बुक किया था। S और Y के बीच केवल तीन व्यक्तियों ने टिकट बुक किया था, जिसने T से तत्काल पहले टिकट बुक किया था।

| | | February | March | April | May |
|---|---|---|---|---|---|
| Case 1 | 4th | S | | Y | |
| | 13th | | | T | |
| Case 2 | 4th | Y | | S | |
| | 13th | T | | | |

2. T से पहले टिकट बुक करने वाले व्यक्तियों की संख्या, Z के बाद टिकट बुक करने वाले व्यक्तियों की संख्या के समान है, जिसने X के तत्काल बाद टिकट बुक किया था। X और W के बीच केवल एक व्यक्ति ने टिकट बुक किया था।

| | | February | March | April | May |
|---|---|---|---|---|---|
| Case 1 | 4th | S | Z | Y | |
| | 13th | X | W | T | |
| Case 2 | 4th | Y | | S | Z |
| | 13th | T | W | X | |
| Case 2a | 4th | Y | | S | Z |
| | 13th | T | | X | W |

3. U ने न तो V और न ही Z के समान महीने मेंटिकट बुक किया था। इसलिए, केस1 और 2a खारिज हो जाते हैं।

| | | February | March | April | May |
|---|---|---|---|---|---|
| ~~Case 1~~ | 4th | S | Z | Y | |
| | 13th | X | W | T | |
| Case 2 | 4th | Y | U | S | Z |
| | 13th | T | W | X | V |
| ~~Case 2a~~ | 4th | Y | | S | Z |
| | 13th | T | | X | W |

निर्देश (31-35):

| Month | Persons | Brands |
|---|---|---|
| January (31) | E | Levis |
| March (31) | C | Peter England |
| April (30) | A | Allen Solley |
| June (30) | D | Louis Phillipe |
| July (31) | B | Mufti |

31) उत्तर: D

32) उत्तर: C

33) उत्तर: D

34) उत्तर: E

35) उत्तर: D

A 30 दिनों के महीने में मनाता है। वह व्यक्ति जिसने पीटर इंग्लैंड खरीदा था, A के तत्काल पहले मनाता है।

| | Case I | | Case II | |
|---|---|---|---|---|
| Month | Persons | Brands | Persons | Brands |
| January (31) | | | | |
| March (31) | | Peter England | | |
| April (30) | A | | | Peter England |
| June (30) | | | A | |
| July (31) | | | | |

C, 31 दिनों के महीने में मनाता है। C और मुफ्ती ब्रांड खरीदने वाले व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति मनाते हैं।
उस व्यक्ति द्वारा न तो मुफ्ती और न ही लेविस खरीदा जाता है, जो A के आसन्न अपना जन्मदिन मनाता है।

| | Case I | | Case II | | Case IIa | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Month | Persons | Brands | Persons | Brands | Persons | Brands |
| January (31) | | | C | | | |
| March (31) | C | Peter England | | | | Mufti |
| April (30) | A | | | Peter England | | Peter England |
| June (30) | | | A | Mufti | A | |
| July (31) | | Mufti | | | C | |

पीटर इंग्लैंड को खरीदने वाले व्यक्ति और B के बीच मनाने वाले व्यक्तियों की संख्या, A और E के बीच मनाने वाले व्यक्तियों की संख्या से एक अधिक है।
E, C से पहले मनाता है।

| | Case I | | ~~Case II~~ | | Case IIa | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Month | Persons | Brands | Persons | Brands | Persons | Brands |
| January (31) | E | | C | | B | |
| March (31) | C | Peter England | | | | Mufti |
| April (30) | A | | E | Peter England | E | Peter England |
| June (30) | | | A | Mufti | A | |
| July (31) | B | Mufti | B | | C | |

लेविस और लुई फिलिप को खरीदने वाले व्यक्तियों के बीच दो व्यक्ति मनाते हैं। B, D के बाद मनाता है लेकिन 30 दिनों वाले महीने में नहीं।
उस व्यक्ति द्वारा न तो मुफ्ती और न ही लेविस को खरीदा जाता है, जो A के आसन्न अपना जन्मदिन मनाता है।

| | Case I | | Case IIa | |
|---|---|---|---|---|
| Month | Persons | Brands | Persons | Brands |
| January (31) | E | Levis | B | Levis |
| March (31) | C | Peter England | D | Mufti |
| April (30) | A | Allen Solley | E | Peter England |
| June (30) | D | Louis Phillipe | A | Louis Phillipe |
| July (31) | B | Mufti | C | |

| | Case I | |
|---|---|---|
| Month | Persons | Brands |
| January (31) | E | Levis |
| March (31) | C | Peter England |
| April (30) | A | Allen Solley |
| June (30) | D | Louis Phillipe |
| July (31) | B | Mufti |

**निर्देश (36-40):**

36) उत्तर: C

37) उत्तर: D

38) उत्तर: E

(सभी चार व्यक्ति एक सम फ्लैट और विषम मंजिल पर या इसके विपरीत रहते हैं लेकिन R सम मंजिल और सम फ्लैट पर रहता है)

39) उत्तर: A

40) उत्तर: B

| Floor | Flat 1 | Flat 2 |
|---|---|---|
| 5 | M | Q |
| 4 | S | P |
| 3 | N | V |
| 2 | U | R |
| 1 | O | T |

1. U एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है और S के दो मंजिल नीचे समान फ्लैट में रहता है। S और R के मध्य केवल एक मंजिल है, जो समान फ्लैट में T के तत्काल ऊपर रहता है।

| | Case 1 | | Case 2 | |
|---|---|---|---|---|
| Floor | Flat 1 | Flat 2 | Flat 1 | Flat 2 |
| 5 | | | | |
| 4 | S | | | S |
| 3 | | | | |
| 2 | U | R | R | U |
| 1 | | T | T | |

2. M और Q दोनों सबसे ऊपरी मंजिल पर रहते हैं, जहां Q, M के पूर्व में रहता है। Q और N के बीच एक मंजिल है, जहां दोनों अलग-अलग फ्लैटों में रहते हैं।

| | Case 1 | | Case 2 | |
|---|---|---|---|---|
| Floor | Flat 1 | Flat 2 | Flat 1 | Flat 2 |
| 5 | M | Q | M | Q |
| 4 | S | | | S |
| 3 | N | | N | |
| 2 | U | R | R | U |
| 1 | | T | T | |

3. N के नीचे मंजिलों की संख्या, P के ऊपर मंजिलों की संख्या से एक अधिक है। O, V के नीचे रहता है लेकिन एक ही फ्लैट पर नहीं रहता है। इसलिए, केस 2 समाप्त हो जाता है।

| | Case 1 | | Case 2 | |
|---|---|---|---|---|
| Floor | Flat 1 | Flat 2 | Flat 1 | Flat 2 |
| 5 | M | Q | M | Q |
| 4 | S | P | P | S |
| 3 | N | V | N | |
| 2 | U | R | R | U |
| 1 | O | T | T | |

**निर्देश (41-45):**

41) उत्तर: C

42) उत्तर: A

43) उत्तर: D

44) उत्तर: A

45) उत्तर: B

| | Case 1 | |
|---|---|---|
| Shelves | Boxes | Color |
| 6 | F | Green |
| 5 | D | Red |
| 4 | B | Blue |
| 3 | E | Yellow |
| 2 | A | Black |
| 1 | C | Pink |

1. एक लाल रंग का बॉक्स विषम संख्या वाली शेल्फ पर रखा गया है, और बॉक्स E से दो बॉक्स ऊपर रखस गया हैं। बॉक्स E और F, जो हरे रंग का है के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं।

| | Case 1 | | Case 2 | |
|---|---|---|---|---|
| Shelves | Boxes | Color | Boxes | Color |
| 6 | F | Green | | |
| 5 | | Red | | |
| 4 | | | F | Green |
| 3 | E | | | Red |
| 2 | | | | |
| 1 | | | E | |

2. हरे रंग के बॉक्स के नीचे बॉक्स की संख्या, बॉक्स C के ऊपर बॉक्स की संख्या के समान है। काले रंग के बॉक्स को बॉक्स C के आसन्न रखा गया है और बॉक्स D के तीन बॉक्स नीचे रखा गया हैं।

| | Case 1 | | Case 2 | |
|---|---|---|---|---|
| Shelves | Boxes | Color | Boxes | Color |
| 6 | F | Green | | |
| 5 | D | Red | D | |
| 4 | | | F | Green |
| 3 | E | | C | Red |
| 2 | | Black | | Black |
| 1 | C | | E | |

3. नीले रंग के बॉक्स को एक सम-संख्या वाले शेल्फ पर और पीले रंग के बॉक्स के तत्काल ऊपर रखा गया है। बॉक्स B न तो काला है और न ही बॉक्स D के ऊपर रखा गया है।

| | Case 1 | | ~~Case 2~~ | |
|---|---|---|---|---|
| Shelves | Boxes | Color | Boxes | Color |
| 6 | F | Green | | Blue |
| 5 | D | Red | D | Yellow |
| 4 | B | Blue | F | Green |
| 3 | E | Yellow | C | Red |
| 2 | A | Black | | Black |
| 1 | C | Pink | E | Pink |

**निर्देश (46-50):**

46) उत्तर: E

47) उत्तर: C

48) उत्तर: E

49) उत्तर: D

50) उत्तर: A

T भोपाल में फिल्म देखता है।

U टॉय स्टोरी देखता है।

T अलादीन देखता है

या तो S या V आगरा में देख रहा है।

उपरोक्त स्थितियों से, दो संभावनाएं हैं।

| | Case1 | | Case2 | |
|---|---|---|---|---|
| Person | City | Movie | City | Movie |
| P | | | | |
| Q | | | | |
| R | | | | |
| S | Agra | | | |
| T | Bhopal | Aladdin | Bhopal | Aladdin |
| U | | Toy Story | | Toy Story |
| V | | | Agra | |

P और V क्रमशः पोक मैन और एड एस्ट्रा देख रहे हैं

| | Case1 | | Case2 | |
|---|---|---|---|---|
| Person | City | Movie | City | Movie |
| P | | Poke man | | Poke man |
| Q | | | | |
| R | | | | |
| S | Agra | | | |
| T | Bhopal | Aladdin | Bhopal | Aladdin |
| U | | Toy Story | | Toy Story |
| V | | Ad Astra | Agra | Ad Astra |

वह व्यक्ति जो फ्रोजेन 2 फिल्म देख रहा है, जयपुर में देख रहा है ।

न तो Q और न ही S फ्रोजन 2 देख रहा है।

| | Case1 | | Case2 | |
|---|---|---|---|---|
| Person | City | Movie | City | Movie |
| P | | Poke man | | Poke man |
| Q | | | | |
| R | Jaipur | Frozen 2 | Jaipur | Frozen 2 |
| S | Agra | | | |
| T | Bhopal | Aladdin | Bhopal | Aladdin |
| U | | Toy Story | | Toy Story |
| V | | Ad Astra | Agra | Ad Astra |

Q रॉकेटमैन नहीं देखता है।

वह व्यक्ति जिसने पुणे में फिल्म देखी है, वह न तो पोकेमैन और न ही टॉय स्टोरी देखता है।

S और V पुणे में फिल्म नहीं देख रहे हैं।

| | Case1 | | Case2 | |
|---|---|---|---|---|
| Person | City | Movie | City | Movie |
| P | | Poke man | | Poke man |
| Q | Pune | Wonder Women | Pune | Wonder Women |
| R | Jaipur | Frozen 2 | Jaipur | Frozen 2 |
| S | Agra | Rocketman | | Rocketman |
| T | Bhopal | Aladdin | Bhopal | Aladdin |
| U | | Toy Story | | Toy Story |
| V | | Ad Astra | Agra | Ad Astra |


P न तो राजकोट में न ही नासिक में फिल्म देख रहा है।


S और U नासिक में मूवी नहीं देखते हैं।


उपरोक्त स्थिति से, केस 2 को हटा दिया जाता है। केस 1 अंतिम व्यवस्था दिखाता है।


Click Here For Grand Bundle PDF Course Combo (Prelims + Mains) 2021    Click Here to Subscribe Our Yearly Platinum Package

| | Case1 | | Case2 | |
|---|---|---|---|---|
| **Person** | **City** | **Movie** | **City** | **Movie** |
| **P** | Surat | Poke man | Surat | Poke man |
| **Q** | Pune | WonderWomen | Pune | Wonder Women |
| **R** | Jaipur | Frozen 2 | Jaipur | Frozen 2 |
| **S** | Agra | Rocketman | | Rocketman |
| **T** | Bhopal | Aladdin | Bhopal | Aladdin |
| **U** | Rajkot | Toy Story | | Toy Story |
| **V** | Nasik | Ad Astra | Agra | Ad Astra |




Click Here For Grand Bundle PDF Course Combo (Prelims + Mains) 2021

Click Here to Subscribe Our Yearly Platinum Package